समाचार संक्षेप

नाक-गले में ही वायरस को मार डाला, उससे लंग्ज और जान भी बचेगी

इंदौर,02 मई (ए)। डॉक्टर भी कहते हैं कि कोरोना के लक्षण सर्दी-खांसी-बुखार हो तो तुरंत जांच कराएं, कोविड सेंटर जाएं। अग्रसेन नगर निवासी डॉ. महेश गुप्ता ने लक्षण नजर आते ही होम आइसोलशन का सख्ती से पालन किया, संक्रमित हुई पत्नी और बहुत तथा उसके बच्चों ने भी योग किया, आयुर्वेद दवाइयां लीं और अब सब ठीक है। डॉ. गुप्ता का अनुभव कहता है कि जिसके नाक, गले में वायरस को मार डाला तो लंग्स बच जाएंगे और कोरोना से हम जंग भी जीत जाएंगे। डॉ. गुप्ता भाजपा के संभाग प्रभारी कोविड-19 भी हैं। उन्होंने अन्य संक्रमित मरीजों से कहा है कि कोरोना से डरे नहीं, धैर्य से मुकाबला करें। डॉ. गुप्ता ने कहा मैं खुद 70 वर्ष का हूं। रक्तचाप व किडनीरोग से कई वर्षों से पीड़ित हूं। नौ अप्रैल शुक्रवार को फीवर आया। मैंने तत्काल अपने आप को होम क्वारंटीन कर लिया, लक्षण को देखते हुए तुरंत एंटीवायरल दवा शुरू कर दी। दूसरे दिन तत्काल कोरोना की जांच करवाई तो शीतल गुप्ता व राजकुमारी गुप्ता की रिपोर्ट भी कोरोना पॉजिटिव आ गई। हमने धैर्य के साथ रक्त जांच और सीटी स्कैन करवाया। उसमें मैं काउंट मुझे व राजकुमारी को चार काउंट आए। सही जांच करवाते हुए घर पर ही चिकित्सा शुरू की लगातार ऑक्सीजन लेवल और फीवर चेक करते हुए आज 21 दिन बाद दोनों पोते सहित हम पूर्णतः स्वस्थ हैं। मेरा जनसाधारण और आम मरीजों से अनुरोध है कि कोरोना से घबराएं नहीं मुकाबला करें। लापरवाही न करते हुए शीघ्रता से चिकित्सक की सलाह अनुसार चिकित्सा लें इन 21 दिनों में मैंने घर पर ही रहते हुए कई रोगियों को सलाह दी।

विटामिन सी-डी आधारित खान-पान के साथ गर्म पानी पीते रहें...

इंदौर,02 मई (ए)। सुबह आधा घंटा प्राणायाम सहित अन्य योगिक क्रिया, पूरे चक गर्म पानी पिया, दिन में चार बार भाप, शुरू के तीन-चार दिन खाना बेस्वाद लगा लेकिन खाना पूरा खाया। विटामिन सी के लिए खट्टी चीजें संतरा, नींबू आदि विटामिन डी के पाउच के साथ ही धूप का सेवन, दूध, पनीर आदि खाया। सोच सकारात्मक रखने से कोरोना के भय से घबराएं नहीं। हम कोरोना संक्रमित हैं इस भय को दिमाग में आने ही नहीं दिया। हर पल पॉजिटिव सोच रखी कि अरे हम तो कल से और अधिक अच्छा महसूस करेंगे हैं, तबीयत में तेजी से सुधार हो रहा है। नियमित साइकल चलाने, पैदल घूमने से हम सब का इम्यून सिस्टम भी अच्छा रहा है। हालांकि मुझे और पत्नी को बीमारियां भी हैं लेकिन हमने इस दौरान आत्मबल कम नहीं होने दिया। कोरोना संक्रमित मरीज शुरु के तीन चार दिन लापरवाही न करें तो यह इतनी भी गंभीर बीमारी नहीं जिसे हरायां ना जा सके। ये गुप्ता परिवार के विचार और अपनाई गई उपचार प्रकियाहै, अन्य मरीज यह सब अपनाएं लेकिन अपने फैमिली डॉक्टर से परामर्श जरूर कर लें।

कोरोना से लडऩे में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा प्लाज्मा डोनेशन अभियान

इंदौर,02 मई (ए)। शहर में गत दिवस प्लाजमा डोनेशन का अभियान प्रारंभ हो गया है। इसके तहत एमजीएम मोबाइल कॉलेज में कई डोनर्स पहुंचे। इनमें से कुछ ने प्लाजमा डोनेट किया और कुछ ने जानकारी प्राप्त कर अपना सम्पर्क दिया। जिससे वे भविष्य में यहां आकर अपना प्लाजमा दे सकें। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट भी कॉलेज पहुंचे। उन्होंने कहा कि कोरोना से लडऩे के लिए यह अभियान महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। उन्होंने प्लाजमा डोनेट करने आए युवाओं को इस कार्य के लिए साधुवाद दिया और प्रमाण पत्र भी प्रदान किया। कमिश्नर डॉ. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि प्लाजमा डोनेशन के लिए प्रशासन सभी संभावित डोनरसे सम्पर्क करेगा और उनके एंटीबॉडी की जांच करेगा। फिर सुरक्षित वातावरण में यहां लाकर प्लाजमा प्राप्त करने की प्रक्रिया की जाएगी। डीन डॉ. संजय दीक्षित ने बताया कि प्लाजमा गंभीर रूप से बीमार या जो मोटरेट बीमार है, उन्हें ही दिया जाता है ताकि उन्हें तैयार वायरस से लडऩे के लिए एंटीबॉडी मिल सके। प्रभारी डॉ. अशोक यादव ने बताया कि गत दिवस आठ डोनर्स को बुलाया गया था जिनमें से चार ने प्लाजमा दिया। इनमें कुल छह यूनिट प्लाजमा प्राप्त हुआ है। इसके साथ ही दस डोनर्स की स्क्रीनिंग एंटीबॉडी की जांच की गई है। इधर, मंत्री सिलावट ने कॉलेज में ही एक बैठक ली।

30 जून तक प्रदेश में नहीं बढ़ेगी संपत्ति की गाइड लाइन

भोपाल,02 मई (ए)। कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए सरकार ने संपत्ति की गाइड लाइन में फिलहाल वृद्धि नहीं करने का फैसला किया है। 30 जून तक मौजूदा दरों पर ही रजिस्ट्री होगी। महिलाओं के नाम पर संपत्ति की रजिस्ट्री करने पर दो फीसद की स्टांप ड्यूटी में छूट मिलती रहेगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौान ने कहा कि कोरोना की वजह से स्थितियों में अधिक परिवर्तन नहीं आया है। कोविड-19 का प्रकोप और बढ़ गया है। इसे देखते हुए तय किया है कि संपत्ति की खरीद-बिक्री के लिए एक अप्रैल से लागू होने वाली नई बाजार मूल्य गाइड लाइन (कलेक्टर गाइड लाइन) को फिलहाल नहीं बढ़ाया जाएगा। पहले अप्रैल तक वर्ष 2020-21 की गाइड लाइन रखने का निर्णय लिया गया था लेकिन अब इसे 30 जून तक बढ़ा दिया गया है। कोशिश यह भी की जाएगी कि उप पंजीयक कार्यालय चरणबद्ध तरीके से खोले जाएं।

अतिथि शिक्षकों की सेवाएं 30 के बाद भी ली जा सकेंगी

भोपाल,02 मई (ए)। प्रदेश के सभी सरकारी हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में रिक्त पदों के खिलाफ कार्यरत अतिथि शिक्षकों और नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल 2021 के बाद भी ली जा सकेंगी। लोक शिक्षण संचालनालय की आयुक्त जयश्री कियावत ने आदेश जारी कर निर्देश दिए हैं कि कोरोना संक्रमण के कारण शैक्षणिक सत्र 2020-21 की बोर्ड परीक्षाएं अभी नहीं होने के कारण यह निर्णय लिया गया है। प्रदेश के सभी संभागीय संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी और सभी प्राचार्यों को इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं।

ऑक्सीजन कंसंट्रेटर लगाकर बढ़ाए जाएंगे बिस्तर

भोपाल,02 मई (ए)। प्रदेश में कोरोना मरीजों के लिए ऑक्सीजन की किल्लत दूर करने की खातिर पांच हजार ऑक्सीजन कंसंट्रेटर खरीदे जाएंगे। इससे अधिकतम दस हजार बिस्तर बढ़ाए जा सकेंगे। बता दें प्रदेश में ऑक्सीजन वाले बिस्तरों की बड़ी किल्लत है। कंसंट्रेटर की आपूर्ति होने से यह दिक्कत कुछ हद तक दूर हो जाएगी। हालांकि, सबसे बड़ चुनौती यह है कि कंपनियां कंसंट्रेटर की आपूर्ति जल्द कर दें। देश भर में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की इतनी मांग है कि कंपनियां जल्दी आपूर्ति नहीं कर पा रही हैं। पब्लिक हेल्थ सप्लाई कारपोरेशन के अफसरों ने बताया कि दस लीटर प्रति मिनट की ऑक्सीजन देने की क्षमता वाले कंसंट्रेटर खरीदे जा रहे हैं।

कलेक्टर ने निगम आयुक्त के साथ गोविंदपुरा में बनाए जा रहे कोविड केयर सेंटर का किया निरीक्षण

भोपाल ,02 मई (ए)। जिला कलेक्टर अविनाश लवानिया एवं निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए बनाए जा रहे कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त चौधरी ने बताया कि इस कोविड केयर सेंटर में नगर निगम द्वारा 10 महिला एवं 10 पुरूष इनकी नियमित साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने व मरीजों को मनोरंजन के लिए टीवी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त एम.पी.सिंह, जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी प्रभाकर तिवारी, उपनगर पंत्री आर. के. सक्सेना आदि मौजूद थे।

जिला कलेक्टर अविनाश लवानिया ने निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी के साथ शनिवार को सांय गोविंदपुरा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए बनाए जा रहे 100 बिस्तरों वाले कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री चौधरी ने बताया कि गोविंदपुरा कोविड केयर सेंटर में मरीजों की सुविधा हेतु नगर निगम द्वारा महिला एवं पुरूषों के लिए पृथक-पृथक 10-10 टायलेट बनाए जा रहे है और इनकी साफ-सफाई व्यवस्था के साथ ही पर्याप्त पानी की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की जाएगी और मरीजों के मनोरंजन का भी ध्यान रखते हुए यहां टीवी की व्यवस्था भी की जा रही है।

इससे पहले शनिवार को प्रातः निगम आयुक्त चौधरी ने गोविंदपुरा कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण करते हुए निगम अधिकारियों को निर्देशित किया।

डाबुगां एवं डोंगरीगुड़ा पंचायतों में लॉकडाउन घोषित

डाबुगां 2 मई (सन्यूस) डाबुगां ब्लाक क्षेत्र में बढ़ती कोरोना वायरस संक्रमण के चलते डाबुगां एवं डोंगरीगुड़ा के सरपंचों के व्दारा गत 29 अप्रैल से आगामी 3 मई तक दो पंचायतों में लाकडाउन घोषित किया गया है।

डाबुगां ब्लाक के विभिन्न पंचायतों में विगत कुछ दिनों से कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। इसे देखते हुये विभिन्न पंचायतों में लाकडाउन घोषित किया गया है। इसी क्रम में गत 24 अप्रैल की दोपर से लेकर आगामी 3 मई तक डाबुगां एवं डोंगरीगुड़ा पंचायतों में जहां के सरपंचो के व्दारा लॉकडाउन घोषित किया गया है। गत 30 अप्रैल को कुछ दुकानदारों ने सिर्फ दो घंटे के लिए दुकानें खोली एवं उसके बाद स्वफूर्त बंद कर दिये। कोरोना संक्रमण को रोकने डाबुगां ब्लाक प्रशासन एवं स्थानीय अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पूरे डाबुगां शहर एवं डोंगरीगुड़ा पंचायत क्षेत्र में सेनिटाईज किया गया।

गत 30 अप्रैल को डाबुगां ब्लाक क्षेत्र में 8 कोरोना पाजिटिव मरीज पाये गये है। इसमें से घोडाखुंटा पंचायत के मुंडीगुड़ा गांवन से 2 डाबुगां पंचायत मुख्यालय से 4, बड़ओलगा पंचायत मुख्यालय से 1 एवं भालुगुड़ा गांव से 1 कोरोना संक्रमित है। प्रत्येक लोगों को कोरोना संक्रमण से बचने चेहरे पर मास्क लगाने सोशल डिस्टेसिंग का पालन सेनिटाईजर का उपयोग सहित बार बार हाथों को साबुन से साफ करने समझाईश दी जा रही है।

मिश्रा केंद्र सरकार द्वारा बंद किये बैंकों की सूची जारी करें-भूपेन्द्र गुप्ता

भोपाल ,02 मई (ए)। भारतीय जनता पार्टी के नेता और मंत्री प्रचार पिपासा के चक्कर में अपनी बुद्धि का खुलासा कर हंसी का पात्र बन रहे हैं इस महामारी में जान सेवा करने की बजाय वे अखबारों की हास्यास्पद हेड लाइन बन रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया उपाध्याय भूपेंद्र गुप्ता ने गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से कहा है कि वह कमलनाथ सरकार में प्रदेश में जो बैंक बंद हुए हैं उनकी सूची जारी करें और झूठ बोलना बंद करें ।साथ ही अगर मिश्रा में सत्य के प्रति जरा सी भी निष्ठा है तो उन बैंकों की भी सूची जारी करें जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के और वित्त मंत्रालय के निर्णय के तहत बंद कर दिए गए हैं।गुप्ता ने कहा कि काणी को पहले अपना टैंट निहोरना चाहिये।

गुप्ता ने मिश्रा से जानना चाहा है कि उनकी सरकार के मंत्री अस्पतालों में क्यों नहीं जा रहे हैं? क्यों वे अपने मरीजों की सेवा नहीं कर रहे हैं? यह भी तो बताएं। कांग्रेस के लोग तो हर गांव में सेवा में लगे हैं वह ना तो संघ की तरह झूठी खबरें छपवा रहे हैं ना ही भाजपाइयों की तरह सरकारी का पात्र बन रहे हैं इस महामारी में अपनी बुद्धि का खुलासा कर हंसी व्यवस्थाओं पर भाजपा का बैनर टांग कर झूठी वाहवाही लूट रहे हैं।गुप्ता ने कहा की संघ के एक बुजुर्ग कार्यकर्ता द्वारा अपना बेड एक मरीज को देने की कथित झूठी खबर का नागपुर के अखबारों और बीबीसी मराठी भांडाफोड़ कर चुकी है।श्रेय लेने के लिये ऐसी हेराफेरी कांग्रेस कभी नहीं करती। कमलनाथ सेवा कर रहे.हैं तो वो पीड़तों तक पहुंच भी रही है .।भाजपा की तरह अखबारों के अक्षरों में नहीं दबी है।

गुप्ता ने कहा कि मिश्रा एक साल से मास्क नही लगा रहे हैं लाखों की कथित सभायें कर रहे हैं।उन्हें बताना चाहिये कि उन्हेंने और अमित शाह जी ने चुपचाप कौन सी गोली खाई है ,जिससे कोरोना डरा डरा रहता है ताकि उसके प्रयोग से प्रदेश के लाखों गरीबों की जान बचाई जा सके।

एक साल में 74,161 लोगों ने कोरोना से जीती जंग, लेकिन प्लाज्मा डोनेट करने में नहीं ले रहे रुचि

भोपाल,02 मई (ए)। राजधानी में मार्च 2020 से अब तक करीब 74,161 मरीज कोरोना को हराकर घर पहुंच चुके हैं। जो लोग स्वस्थ हो चुके हैं, उनमें से अधिकतर प्लाज्मा डोनेट करने में रुचि नहीं ले रहे हैं। आलम यह है कि हमीदिया अस्पताल में जब से प्लाजमा डोनेशन बैंक बना, तबसे कोरोना से स्वस्थ हुए मरीजों में महज 120 लोगों ने ही प्लाजमा डोनेट किया है। हैरानी की बात यह है कि कोविड एंटी बॉडी वाले स्वस्थ मरीज भी ब्लड बैंक में दोबारा कोरोना का संक्रमण होने का खतरा बताकर प्लाजमा डोनेट करने नहीं जा रहे हैं। यह खुलासा हमीदिया अस्पताल के ब्लड बैंक की प्लाजमा डोनेशन रिपोर्ट में हुआ है। इसकी बड़ी वजह प्लाजमा को लेकर जागरुकता की कमी है। इसके साथ ही डर का माहौल है। प्लाजमा डोनेट करने के लिए प्रशासन की तरफ से गांधी मेडिकल कॉलेज में इसी सप्ताह पांच दिवसीय कैम्प लगाया गया था। हैरत की बात यह है कि पांच दिन चले कैम्प में कोरोना से ठीक हो चुका एक भी व्यक्ति प्लाजमा डोनेशन को लेकर प्रशासन भी जागरुकता लाने में विफल रहा है। अधिकारी-कर्मचारी स्वस्थ्य हुए व्यक्ति से संपर्क नहीं कर रहा। कई लोगों को प्लाजमा के फायदे तक नहीं पता हैं। उन्हें यह भी नहीं पता कि इसके लिए अलग से बैंक भी है।

नगर निगम ने अपने कर्मचारियों के लिए स्थापित किया कोविड केयर सेंटर

भोपाल ,02 मई (ए)। कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु तत्परता पूर्वक कार्यवाही करने वाले अग्रिम पंक्ति के नगर निगम के कोरोना योद्धाओं (निगम कर्मियों) के लिए निगम द्वारा अपना कोविड केयर सेंटर स्थापित किया है। एम पी नगर स्थित आश्रय स्थल में 11 पुरूषों एवं 08 महिलाओं सहित 19 संक्रमित मरीजों के लिए इसमें बेड की व्यवस्था रहेगी और 05 आक्सी कन्सनट्रेटर भी यहां लगाए जा रहे है। इस केयर सेंटर में सुबह - शाम चिकित्सक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे और यदि आवश्यकता होती है तो मरीज को निगम के वाहन से अन्य अस्पताल में शिफ्ट करने का भी कार्य किया जाएगा। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने निगम के इस कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण कर रविवार तक सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त एम.पी.सिंह, उपायुक्त विनोद शुक्ला आदि मौजूद थे।

कोरोना संक्रमण से बचाव हेतु तत्परता पूर्वक कार्यवाही करने वाले अग्रिम पंक्ति के नगर निगम के कोरोना योद्धाओं (निगम कर्मियों) के लिए निगम द्वारा अपना कोविड केयर सेंटर स्थापित किया है। नगर निगम भोपाल द्वारा एम पी नगर स्थित आश्रय स्थल में अपने ऐसे कर्मचारी जो शहर के नागरिकों को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित रखने हेतु सेवा करते हुए संक्रमित हो जाते है और अपने घर पर कोरोनटाइन नहीं होना चाहते और घर पर क्वारंटाइन की असुविधा है ऐसे कर्मचारियों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत् निगम द्वारा अपना कोविड केयर सेंटर स्थापित किया है। एम पी नगर स्थित आश्रय स्थल (रैन बसेरा) में स्थापित किए गए कोविड केयर सेंटर में 11 पुरूषों एवं 08 महिलाओं सहित 19 संक्रमित मरीजों के लिए बेड की व्यवस्था रहेगी और यहां 05 आक्सी कन्सनट्रेटर की भी व्यवस्था की गई है। निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर इस कोविड केयर सेंटर में आक्सी कन्सनट्रेटर तथा निगम कर्मी मरीजों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सुबह - शाम चिकित्सक की व्यवस्था भी की है। निगम आयुक्त चौधरी ने आश्रय स्थल में बनाए जा रहे कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण कर रविवार तक सभी व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त चौधरी ने कहा कि यदि निगम के किसी संक्रमित कर्मचारी को चिकित्सा की आवश्यकता होती है तो निगम ऐसे कर्मचारी को अपने वाहन से अन्य अस्पताल में शिफ्ट कराने की कार्यवाही करेगा।

कोविड सहायता केन्द्रों में पहुंचकर नागरिकों ने डॉक्टर से लिया चिकित्सीय परामर्श, 325 कोविड किट का किया गया वितरण

भोपाल 02 मई (ए)। कोरोना संक्रमण काल में नागरिकों को उनके निवास के समीप ही बीमारी के प्रारंभिक परामर्श एवं उपचार व आवश्यकतानुसार कोविड औषधि किट आदि सुगमता से उपलब्ध कराने के दृष्टिगत निगम के प्रत्येक जोन क्षेत्र में दो-दो कोविड सहायता केन्द्र शुक्रवार, 23 अप्रैल 2021 से प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक प्रारंभ किए गए। इन 38 कोविड सहायता केन्द्रों में प्रतिदिन बडी संख्या में नागरिकगण पहुंचकर उपस्थित डॉक्टर से चिकित्सा परामर्श ले रहे है और आवश्यकतानुसार कोविड औषधि किट का वितरण भी किया जा रहा है जबकि अनेक केन्द्रों पर नागरिकों ने दूरभाष पर डॉक्टर्स से सम्पर्क कर आवश्यक चिकित्सा परामर्श भी लिया। शनिवार को 38 कोविड सहायता केन्द्रों में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर उपस्थित चिकित्सकों से परामर्श लिया और आवश्यकतानुसार सभी केन्द्रों से 325 कोविड औषधि किट वितरित की गई।

कोरोना संक्रमण काल में नागरिकों को उनके निवास के समीप ही बीमारी के प्रारंभिक परामर्श एवं उपचार व दयूटी भी लगाई गई है। आवश्यकतानुसार कोविड औषधि किट आदि सुगमता से उपलब्ध कराने के दृष्टिगत निगम के प्रत्येक जोन क्षेत्र में दो-दो कोविड सहायता केन्द्र शुक्रवार, 23 अप्रैल 2021 से प्रारंभ किए गए और 38 सहायता केन्द्र प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक संचालित किए जा रहे है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा इन कोविड सहायता केन्द्रों में चिकित्सकों की परामर्श एवं उपचार व दयूटी भी लगाई गई है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के तीन वर्ष पूर्ण

भोपाल ,02 मई (ए)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के तीन वर्ष पूर्ण होने पर आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा आज मुझे मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में मध्यप्रदेश की सेवा करते हुये तीन वर्ष पूर्ण हुए हैं। इन तीन वर्षों में प्रदेश की जनता ने जो प्रेम- प्यार व सहयोग मुझे व कांग्रेस को दिया है, उसके लिये मैं प्रदेश की जनता का आभार मानते हुए उन्हें धन्यवाद देता हूँ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा राष्ट्र पिता महात्मा गांधी जी ने व हमारे महापुरुषों ने देश को आज़ाद कराया और उसके बाद कांग्रेस पार्टी ने देश में बुनियादी जरूरतों और संसाधनों की व्यवस्था कर भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनने के पथ पर अग्रसर किया। कमलनाथ ने कहा आज देश एक बार फिर संकट के दौर से गुजर रहा है। मैं प्रदेश की जनता एवं कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता से अपील करता हूँ कि संकट की इस घड़ी में पीड़ितों एवं प्रभावितों की मदद करते हुये मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बनें।हम महात्मा गांधी जी और डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी के आदर्शों और पदचिह्नों पर चलकर एक सभ्य, शालीन और आपसी प्रेम व भाईचारे से सुसज्जित राष्ट्र के निर्माण में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। कांग्रेस पार्टी हमेशा से उच्च आदर्शों और नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि रखते हुये जनसेवा के लक्ष्य को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मान कार्य करती रहती है। कमलनाथ ने कहा आज मैं आप सभी से अपील करता हूँ कि सच्चाई पहचानें, सच्चाई अपनायें और सच्चाई का साथ दें।

आगे भविष्य में भी आपसे इसी प्रकार के प्रेम - स्नेह व सहयोग की अपेक्षा है।

कोविड-19 संक्रमण के संबंध में सपा मप्र की वर्चुअल बैठक संपन्न हुई

भोपाल 02 मई (ए)। सपा के पूर्व प्रवक्ता यश भारतीय ने बताया कि देश और प्रदेश इस समय कोविड19 के प्रकोप से जूझ रहा है सरकारी व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई है ऐसी स्थिति को देखते हुए आज समाजवादी पार्टी मप्र द्वारा वर्चुअल बैठक रखी गई थी जिसमे काफी महत्वपूर्ण सुझाव एवं निर्णय लिए गए।

मुख्य बातें जो निकल कर आई है जिसपर चर्चा हुई कि ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ लोग डरे हुए है तो कुछ लोग मानने को तैयार नही है कि ये जानलेवा बीमारी है, असपताल जाना नही चाहते है , इलाज नही करवा रहे है समय पर जिसके कारण अब ये ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकराल रूप लेता जा रहा है । शहरी क्षेत्रों में फिर भी स्वयं सेवी संस्थाएं एवं लोग आगे आकर मदद कर रहे है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी सुविधा और जानकारी दोनो का अभाव है ।शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की विभ्रम समस्याओं को लेकर चर्चा हुई सभी के सुझाव देने के बाद निष्कर्ष निकाला गया कि अभी शुरुआती दौर में हम 5 बिंदुओं पर काम करेंगे उनकी सूची बनाएंगे जिसमे

1.एम्बुलेंस (ऑक्सीजन सहित और रहित)

2.ऑक्सिजन उपलब्ध कैसे और कहा होगा

3.रक्त दाता एवं प्लाज्मा दाता 4.असपताल एवं आइसोलेशन सेंटर पर बेड उपलब्धता की स्थिति 5.इंजेक्शन,दवाई एवं अन्य जरूरत के सामान कि उपलब्धता सुनिश्चित करना।

हम जरूरत पड़ने पर जरूरतमंद को देते हुए उसकी अहम मदद पहुचाने में सहायक होंगे ।

पं
कार्यालय जनपद पंचायत बीजापुर जिला-बीजापुर (छ.ग.)
फोन नं. 9399915431/220069 ई-मेल jp-bijapur.cg@nic.in
क्रमांक/77/ज.पं./MGNRGA/2021-22 बीजापुर, दिनांक 30/04/2021

जनपद पंचायत बीजापुर हेतु वाहन किराये पर लिये जाने हेतु निविदा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत संचालित कार्यों के निरीक्षण हेतु 01 वाहन किराये पर लेने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। जिस हेतु निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से किसी भी कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 11 बजे से संध्या 05:00 बजे तक रूपये 500/- रूपये (पांच सौ रूपये मात्र) निविदा प्रपत्र मूल्य का डी.डी. (डिमाड ड्राफ्ट) जो कि नॉन रिफन्डेबल है जमा कर प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है। निविदा फार्म में अमानत राशि रूपये 12600.00 का डी.डी. निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा। निविदा फार्म की प्राप्ति संबंधित कार्यालय से होगी एवं डी.डी. ''मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बीजापुर'' के नाम से ही स्वीकार किये जावेगें।

''नियम व शर्तें लागू।''

निविदा की प्रारंभ तिथि	:-	01 मई 2021 से
निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि	:-	17 मई 2021 को दोपहर 12:00 बजे तक
निविदा पूर्व आपत्ति निराकरण बैठक	:-	12 मई 2021 को दोपहर 01:00 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि	:-	17 मई 2021 को दोपहर 02:00 बजे तक
निविदा खोले जाने की तिथि	:-	17 मई 2021 को शाम 04:00 बजे से

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत बीजापुर